DAINIK BHASKAR: 17-06-2015

बीएसएनएल कर्मियों ने किया प्रदर्शन

जयपुर| बीएसएनएल के खस्ता हाल के लिए दूरसंचार मंत्री को जिम्मेदार बताते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से मंगलवार को धरना शुरू कर दिया है। इसमें मंत्री और सीएमडी के खिलाफ जमकर नारे लगाए गए। एमआई रोड स्थित प्रधान महाप्रबंधक कार्यालय में तीन दिन तक आंदोलन किया जाएगा। सभी यूनियनों और एसोसिएशनों ने मिलकर बीएसएनएल बचाओ आंदोलन शुरू किया है। पहले दिन कार्यालय के मुख्यद्वार पर 150 अधिकारी और कर्मचारी धरने पर बैठे। गेट मीटिंग के दौरान केंद्र सरकार, दूरसंचार मंत्री रविशंकर प्रसाद और सीएमडी के खिलाफ नारे लगाए गए। आंदोलन के गठित मंच के प्रदेश संयोजक अशोक पारीक ने बताया कि सरकार की नीतियों के कारण बीएसएनएल की दुर्दशा हुई है। ऐसे में सीएमडी और निदेशकों के रिक्त पद तुरंत भरे जाएं, नेटवर्क विस्तार के लिए मोबाइल उपकरण, ड्रॉप वायर और केबल तुरंत उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं देने से हो रहे नुकसान पूर्ति की जाए। सरकार ने बीएसएनएल की ओर ध्यान नहीं दिया तो 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। गेट मीटिंग को एमके मरोडिया, विजय सिंह, एस.एस. राजपूत सहित अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संबोधित किया।